माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 2062 / 53 / एम0एस0यू0 / 2023–24 दिनांक : 14.02.2024

विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय के पत्र संख्या : 1558 / गोपनीय / एम0एस0यू0 / 2023–24, दिनांक : 10.02.2024 के द्वारा कुलाधिपति और कुलपति स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ता विद्यार्थियों की अनन्तिम सूची निर्गत की गई थी। सूची में उल्लिखित छात्रों को पदक एवं प्रमाण–पत्र कुलाधिपति महोदया द्वारा प्रदान किया जायेगा। इस हेतु विद्यार्थियों को पंजीकृत डाक द्वारा दिनांक : 13.02.2024 को निमन्त्रण पत्र एवं अन्य अभिलेख पृथक से इस आशय से प्रेषित किये गये हैं कि समस्त आवश्यक औपचारिकता पूर्ण करते हुए निर्धारित प्रारूप पर दिनांक : 20.02.2024 को प्रातः 10:00 बजे विश्वविद्यालय परिसर के कुलसचिव कार्यालय में जमा करा दें। यदि किसी पदक प्राप्तकर्ता विद्यार्थी को दिनांक : 17.02.2024 तक निमन्त्रण पत्र एवं अन्य अभिलेख प्राप्त नहीं होते हैं, तो वह दिनांक : 18.02.2024 (रविवार) को विश्वविद्यालय में पूर्वाह्न 11:00 बजे कुलसचिव कार्यालय में उपस्थित होकर दीक्षान्त समारोह में शामिल होने सम्बन्धी अभिलेख प्राप्त कर समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करें, अन्यथा की दशा में दीक्षान्त समारोह में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं प्रदान की जायेगी।

14.2.24

कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ / आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।
2. परीक्षा नियन्त्रक।
3. वित्त अधिकारी।
4. उपकुलसचिव।
5. समस्त संपादक, समस्त सामाचार पत्रों को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उपर्युक्त आदेश / विज्ञप्ति को अपने समाचार पत्र में छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
6. प्रेस प्रवक्ता, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर को दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने हेतु प्रेषित।
7. अधिकृत एजेंसी को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
8. गार्ड फाईल।

/

कुलसचिव